बीईसीसी 118

बीए अर्थशास्त्र (मेजर)/BAM

(BAFEC/BAM)

सत्रीय कार्य 2025-26

जुलाई 2025 और जनवरी 2026 प्रवेश चक्र के लिए

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–118

पाठ्यक्रम शीर्षक : भारतीय अर्थव्यवस्था

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली– 110068

इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

बीईसीसी-118
भारतीय अर्थव्यवस्था

शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य
(2025–26)

कार्यक्रम कोडः बीएएफईसी
पाठ्यक्रम कोडः बीईसीसी-118

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है आपको अर्थशास्त्र (BECC-118) में इस के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। यह एक शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए) है और इसमें 100 अंक होते है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। टी एम ए को आपको विभिन्न श्रेणियों के सवालों के ज़वाब देने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यहां मूल्यांकन आपके उत्तर को व्यस्थित, सटीक और सुसंगत तरीके से प्रस्तुत करने की आपकी क्षमता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। सत्रीय कार्य कों तीन भागों में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाग क में 20-20 अंकों के दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। भाग ख में 10-10 अंकों के तीन प्रश्न होते हैं जबकि भाग ग में आपको 6-6 अंकों के 5 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

जमा करना : पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को आपके अध्ययन केंद्र के समन्वयक को जमा करना है।

सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि हैः

30 अप्रैल 2026	जून 2026 सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए
31 अक्तूबर 2026	दिसंबर 2026 सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए

भारतीय अर्थव्यवस्था

शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.सी.–118

सत्रीय कार्य कोडः एएसटी/टीएमए/2025-26

कुल अंकः 100

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

सत्रीय कार्य-1

निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

2×20=40

1. (क) स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा करें।
   (ख) स्वतंत्रता के बाद से भारत की अर्थव्यवस्था में हुए संरचनात्मक परिवर्तनों का विश्लेषण करें।

2. (क) हाल के वर्षों में भारत में कृषि की धीमी वृद्धि के पीछे के कारणों की जाँच करें।
   (ख) फसल विविधीकरण और मूल्य प्राप्ति बढ़ाने के लिए क्या नीतिगत पहल अपनाई गई हैं? समझाइए।

सत्रीय कार्य-2

मध्यम श्रेणी के निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का हैं।

3×10=30

3. विदेश व्यापार नीति (एफ.टी.पी.) 2023 की मुख्य विशेषताओं का आलोचनात्मक विश्लेषण करें तथा भारत के व्यापार प्रदर्शन पर उनके संभावित प्रभाव का मूल्यांकन करें।
4. भारत में श्रम बाजार की प्रमुख विशेषताओं का विश्लेषण करें। आपकी राय में, कौन से कारक भारत के श्रम बाजार को विकसित देशों से अलग बनाते हैं? साथ ही, उपयुक्त उदाहरणों के साथ समकालीन संदर्भ में काम के उभरते रूपों पर चर्चा करें।
5. भारत में 'सेवा क्षेत्र' की उच्च वृद्धि प्रवृत्तियों के मद्देनजर प्रमुख नीतिगत निहितार्थ क्या हैं? भारत में सेवा क्षेत्र की वृद्धि के लिए विनिवेश किस प्रकार सहायक है?

सत्रीय कार्य-3

निम्नलिखित लघु श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। **5×6=30**

6. पारस्परिक असमानता से आप क्या समझते हैं? भारत में पारस्परिक असमानता के पीछे विभिन्न कारण क्या हैं?
7. भारत में शिक्षा या स्वास्थ्य क्षेत्र में लिंग को मुख्यधारा में लाने के प्रयासों से सीखे गए सबक और सामने आई चुनौती का वर्णन करें।
8. कुछ आर्थिक उपकरणों या साधनों की जाँच करें जिनका उपयोग ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए किया जा सकता है।
9. मानवपूंजी' की अवधारणा से आप क्या समझते हैं? मानव संसाधन मानवपूंजी से किस प्रकार भिन्न हैं?
10. एमएसएमई अर्थव्यवस्था में किस प्रकार योगदान देते हैं? एमएसएमई के समक्ष आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार द्वारा क्या पहल की गई है?